VIPPY SPINPRO LTD.
14-A, Industrial Area, A.B. Road, Dewas 455 001 (M.P.) India. Phone: +91-7272-258251-52, Fax: +91-7272-400121
Email: admin@vippyspinpro.com, Web : www.vippyspinpro.com

VSL/2023-24/1840

10th February, 2024

To,
Department of Corporate Services,
BSE Limited,
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street, Mumbai-400001 IN

**Sub: Newspaper Publication of Extract of Un-Audited Financial Result for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2023 under Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations,2015**

**Scrip Code: 514302**

Dear Sir/Madam,

With reference to the captioned subject, please find attached herewith copy of newspaper publication of Extract of Un-Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Nine Months ended 31st December 2023, published on 10th February, 2024 in the "Swadesh (Hindi edition) & Pioneer (English Edition)".

Kindly take the above information on your records.

**Thanking you,**

**Yours Faithfully**
For **Vippy Spinpro Limited**

PULKIT MAHESHWARI
Digitally signed by PULKIT MAHESHWARI
Date: 2024.02.10 12:28:55 +05'30'

Pulkit Maheshwari
CS, Compliance Officer & CFO

**Encl: A/a**

ISO 9001 BUREAU VERITAS Certification Excluding Design

## संक्षिप्त समाचार

### रुपए नहीं देने पर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद

इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच में विवाद हो गया। दोनों ही पक्षों ने शराब के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों ही पक्षों पर कार्रवाई कर रही है। आकाश उर्फ मंजरा पिता सौदागर चौहान(24) निवासी दिग्विजय मल्टी की शिकायत पर राहुल, आनंद, पीयूष और बसंत कदम के खिलाफ केस दर्ज किया है। आकाश ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगे। इंकार करने पर उसके साथ मारपीट की और तराजू का बाट मारकर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से पीयूष पिता बसंत कदम(20)निवासी दिग्विजय मल्टी की शिकायत पर आकाश उर्फ मंजरा और आनंद के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसका भी आरोप है कि शराब पीने के लिए रुपए मांगे और इन्कार करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### किशोर को चाकू मारा

इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक किशोर पर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। उसके साथ में विवाद हुआ और आरोपी हमला कर भाग गया। टुक्कू (13) को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां से इलाज के बाद में पुलिस ने उसके बयान के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। घायल ने पुलिस को बताया कि बुद्ध नगर ग्राउंड के पास में आरोपी उसे मिल गया था। उसके साथ में विवाद करने लगा। उसने जब विरोध किया तो उसके साथ में मारपीट कर दी। विरोध करने पर उस पर चाकू से हमला कर दिया। उसके पैर में चाकू लगा है उसे धमकाया कि दोबारा उसे मिला तो जान से मार देगा। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इधर बाणगंगा थाना क्षेत्र के भवानी नगर में एक युवक पर आरोपियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। जितेंद्र पिता कांतिलाल गुर्जर (19)निवासी भवानी नगर की शिकायत पर रितेश माली,तुषार प्रजापत,निखिल के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों से उसका पुराना विवाद चल रहा है। इसी विवाद में आरोपी ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर चाकू मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

### युवक को पीटा

इंदौर। छोटी ग्वालटोली में एक युवक के साथ में मारपीट कर दी। दीपक पिता नामदेव चखाले(32)निवासी विदुर नगर की शिकायत पर धर्मेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। सवारी बैठाने की बात को लेकर आरोपी से विवाद हो गया था। इस पर आरोपियों ने उसके साथ में मारपीट कर दी।

### छात्रा से छेड़छाड़

इंदौर। देपालपुर थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रा के साथ में आरोपियों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर गोपाल,राहुल और गोना के खिलाफ केस दर्ज किया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह स्कूल जा रही थी। आरोपी ने बुरी नीयत से उसका पीछा किया उसे देखकर अश्लील इशारा करने लगे। वह आगे जाने लगी तो बोले हमारा मोबाइल नंबर ले ले और हमसे बात करना।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

इंदौर। जूनीइंदौर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि उनकी बाइक फिसल गई थी इसी के चलते युवक नीचे गिरा और दूसरी ओर से आ रही गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी इस हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हिमांशु पिता भागीरथ (19) निवासी चौहान खेड़ी को देर रात अस्पताल लाया गया जहां पर उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह फर्नीचर का काम करता था वह और उसके साथी माणिकबाग ब्रिज के पास एक कॉलोनी में काम कर रहे थे कल रात को वह ब्रिज से जा रहे थे इसी दौरान दूसरी ओर से आ रही गाड़ी के कारण बाइक चला रहे युवक ने ब्रेक मारा और गाड़ी सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। इसके चलते हिमांशु बाइक से उछलकर दूसरी ओर गिर गया। इसी बीच दूसरी ओर से आ रही गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। उसे टक्कर मारते हुए गाड़ी आगे निकल गई। इस हादसे में हिमांशु की मौत हो गई। उसके साथी घायल हो गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# एआई की अपनी सीमा है वह इंसानी दिमाग का मुकाबला नहीं कर सकता - केजी सुरेश

## पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने की सहभागिता

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ केजी सुरेश ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अपनी सीमा है। वह इंसान के दिमाग का मुकाबला नहीं कर सकता है। इस इंटेलिजेंस के कारण सुविधा भी मिलेगी तो चुनौतियां भी आएगी। संवेदनाएं केवल इंसानी दिमाग से ही प्रकट हो सकेगी।

वे आज यहां देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में नए दौर के मीडिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन अध्ययनशाला एवं शोध पत्रिका समागम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।




### मानवीय रिश्ते नहीं समझ सकती तकनीक

उन्होंने कहा कि हर तकनीक और व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। अच्छाई से व्यक्ति राम बन जाता है और बुराई से रावण। ऐसी ही स्थिति तकनीक में भी बनती है व एक तरफ जहां आग हरदा में भीषण हादसे का कारण बन गई तो वहीं आग घर में रोटी पकाने का काम करती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में तीन अच्छाइयां है। यह अच्छाइयां हैं - सुविधाजनक होना, हमारी पसंद को पकड़ना और हमारे काम करने की क्षमता को बढ़ाना। इसके साथ ही इसमें जो बुराई है वह यह है कि इसे आपकी पूरी जानकारी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में हमें अपनी आदत में बदलाव लाना होगा। कोई भी तकनीक ऐसी नहीं है जो की मनुष्य के रिश्ते को समझें। तकनीक की अपनी सीमा है। एआई के कारण डीप फेंक का खूब उपयोग किया जाएगा। अब तो हूबहू आवाज भी बन रही है। इस तकनीक के खतरे ज्यादा है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें।

### हम मोबाइल की मुट्ठी में

केजी सुरेश ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शब्द 1956 में इजात हुआ था। आज यह हमारी जिंदगी का अंग बनता हुआ प्रतीत हो रहा है। हमें इसे स्वीकार करना चाहिए। इसके साथ ही जागरूक रहना चाहिए। जब हमारे देश में कम्प्यूटर आया था तो उस समय कहा गया था कि इस कम्प्यूटर के कारण लोगों की नौकरी जाएगी। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो जाएंगे। आज इसी कम्प्यूटर के सॉफ्टवेयर तैयार करने में पूरे विश्व में भारत का नाम है। हम सभी के हाथ में मौजूद मोबाइल हमारी आकांक्षा का प्रतीक बन गया है। आज रिक्शा चलाने वाले से लेकर हर व्यक्ति मोबाइल का उपयोग कर रहा है। जब मोबाइल हाथ में लिया था तब हमने कहा था कि दुनिया हमारी मुट्ठी में है लेकिन अब लग रहा है कि हम मोबाइल की मुट्ठी में है।

### बौद्धिकता कृत्रिम नहीं होती

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ राजकुमार जैन ने कहा कि बौद्धिकता कभी भी कृत्रिम नहीं हो सकती है। ऐसे में इसका भरोसा शुरुआत से ही संदिग्ध हो जाता है। हम एआई की मदद आर्टिकल तैयार करने में ले सकते हैं। इसमें भी हमें यह ध्यान रखना होगा कि वह पुरानी जानकारी ही हमें देगा। ऐसे में हमें अपने काम के टूल्स का उपयोग करना चाहिए। यह चिंता मत कीजिए कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण नौकरी जाएगी। बल्कि मैं तो कहता हूं इस तकनीक के आने के बाद तकनीक को समझने वालों को नई नौकरी मिलेगी।

विषय की प्रस्तावना डॉ. लखन रघुवंशी ने रखी। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विशेषज्ञ राजकुमार जैन, मनोज कुमार व देअविवि के रजिस्ट्रार अजय वर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर कुलपति डॉ. रेणु जैन उपस्थित थीं। डॉ. विद्याशंकर विभूति, डॉ. सविता यादव व परेश उपाध्याय का सम्मान किया गया। डॉ. सोनाली नरगुंदे ने आयोजन का उद्देश्य बताया।

# आईसीएआई की इंदौर ब्रांच को देश की सर्वश्रेष्ठ ब्रांच का खिताब

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की इंदौर सीए शाखा को देश की सर्वश्रेष्ठ ब्रांच का अवार्ड घोषित किया गया है।

इंदौर ब्रांच के चेयरमैन सीए मौसम राठी ने बताया कि देशभर की 172 ब्रांच में 4 लाख सदस्य है जिसमें 6000 सदस्यों वाली इंदौर सीए शाखा को इस वर्ष अपनी सतत गतिविधियों, समाज के कार्यक्रम, अपने सदस्यों और छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए कार्यक्रम, नवाचारों को बढ़ावा, इंस्टिट्यूट को टेक्निकल सहयोग जैसे बजट पर सुझाव, समय-समय पर जारी एक्सपोजर ड्राफ्ट पर सुझाव, मेंबर्स की सहभागिता, सीए की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए कोचिंग, रिवीजन बैच आदि लगातार आयोजन के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है।

### मेगा केटेगरी में मिला बेस्ट का अवार्ड

दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित आईसीएआई के वार्षिक कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, आईसीएआई प्रेसिडेंट सीए अनिकेत तलाटी एवं वाइस प्रेसिडेंट सीए रंजीत अग्रवाल के द्वारा इंदौर ब्रांच के चेयरमैन सीए मौसम राठी के साथ सीए केमिशा सोनी, सीए कीर्ति जोशी, सीए आनंद जैन, सीए स्वर्णिम गुप्ता, सीए रजत धुनका, सीए अतिशय खासगीवाला और सीए अमितेश जैन को अवार्ड दिया गया।

### इंदौर सीकासा को मिला द्वितीय बेस्ट ब्रांच का अवार्ड



इंदौर सीकासा के चेयरमैन सीए रजत धानुका ने बताया कि इस वर्ष सीकासा को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय बेस्ट ब्रांच का अवार्ड प्राप्त हुआ है। सीकासा के द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम जैसे नेशनल कॉन्फ्रेंस, यूथ फेस्ट, इंडस्ट्री विजिट, स्पोर्ट्स, राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम, समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों में कॉपी-किताबे, पेन-पेंसिल, कपड़े, भोजन आदि की सहायता जैसे कार्य किए गए, जिनके आधार पर अवार्ड के लिए चयन किया गया।

## महापौर ने की सौर मित्र अभियान की समीक्षा

# ज्यादा सोलर सिस्टम लगाने वाले झोनल अधिकारियों का होगा सम्मान

## जागरूकत के लिए नागरिकों से 1 लाख संकल्प पत्र भरवाएंगे

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंदौर शहर को सोलर सिटी बनाने के उद्देश्य से निगम के सौर मित्र अभियान के संबंध में समीक्षा की गई। जागरूकत के लिए नागरिकों से 1 लाख संकल्प पत्र भरवाएंगे

महापौर ने कहा कि इंदौर को सोलर सिटी बनाने के क्रम में हमारे द्वारा सौर मित्र अभियान प्रारम्भ किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ सोलर सिस्टम लगाने के लाभ व किस प्रकार से सोलर सिस्टम लगाया जा सकता है, इसकी संपूर्ण जानकारी जैसे सोलर सिस्टम एप, विद्युत बचत, सोलर सिस्टम किस प्रकार लगाया जा सकता है, उसको किन अधिकृत वेंडर से लगाया जाना है, सोलर सिस्टम लगाने पर मिलने वाली सब्सिडी, एमपीईबी विभाग से मीटरिंग कराना आदि सारे कार्यों के संबंध में नागरिकों को जानकारी देना और समन्वयक के रूप में काम करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

**विद्युत व्यय की बचत होगी-** सोलर सिस्टम लगाने के लिए नागरिकों को जागरूकत करने के साथ ही नागरिकों से क्यूआर कोड के माध्यम से 1 लाख से अधिक ऑनलाइन संकल्प पत्र भरवाना है। महापौर द्वारा समस्त झोनल अधिकारियों को इंदौर शहर की चिंहित 22 कॉलोनियों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा रहवासी संगठनों के साथ बैठक कर, शहर की उक्त कॉलोनियों में जागरूकता अभियान चलाकर सोलर कॉलोनी बनाना है। जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को विद्युत व्यय की बचत के साथ ही सोलर सिस्टम लगाने से होने वाले आर्थिक लाभ के प्रति जागरूक किया जाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### सौर मित्र प्रतियोगिता आयोजित

श्री भार्गव द्वारा वार्ड अंतर्गत सौर मित्र अभियान के तहत वार्ड में सर्वाधिक सोलर संयंत्र लगाने पर उपरोक्त प्रथम, द्वितीय व तृतीय वार्ड में क्रमशः 51 लाख, 25 लाख एवं 10 लाख के अतिरिक्त विकास कार्य करने के संबंध में जानकारी दी गई, सौर मित्र प्रतियोगिता के तहत शहर में अधिक से अधिक सोलर सिस्टम लगाने को दृष्टिगत रखते हुए, शहर की जिस भी किसी कॉलोनी में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे, उस कॉलोनी में 10 लाख रुपए के अतिरिक्त विकास कार्यों किए जाएंगे।

### लक्ष्य निर्धारण में तेजी दिखाएं

झोन अंतर्गत सौर मित्र अभियान के तहत जिस झोन में भी सर्वाधिक सोलर संयंत्र लगाने पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागी के संबंधित झोन के झोनल अधिकारी को आगामी 15 अगस्त ( स्वतंत्रता दिवस) पर सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में भी महापौर द्वारा समस्त झोनल अधिकारियों को सौर मित्र अभियान में लक्ष्य निर्धारण कर कार्य में तेजी लाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मंत्री, सांसद, विधायक व पदाधिकारियों का बूथों पर प्रवास

## ■ भाजपा का गांव चलो अभियान ■ केन्द्र सरकार की बताई उपलब्धियां

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

भाजपा का तीन दिनी गांव चलो अभियान शुक्रवार से शुरू हुआ। जिसके अंतर्गत इंदौर महानगर के 1636 बूथों पर कैबिनेट मंत्री,वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि व संगठन के पदाधिकारी 24 घंटे 5 बजे से अगले दिन 5 तक प्रवास करके केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पत्रक के माध्यम से आमजन को देंगे।

अभियान के अंतर्गत मंत्री तुलसी सिलावट ने सांवेर विधानसभा के कनाड़िया क्षेत्र के 251 नंबर बूथ पर, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन विधानसभा 5 की देवनगर हरिजन कॉलोनी क्षेत्र के 200 नंबर बूथ पर, नगर अध्यक्ष गौरव रणदीवे सांवेर विधानसभा के मायाखेड़ी क्षेत्र स्थित 237 नंबर बूथ पर, वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे विधानसभा 4 के सुदामा नगर क्षेत्र में,सांसद शंकर लालवानी सांवेर विधानसभा के सेमल्याचाऊ क्षेत्र के 251 नंबर बूथ पर, वरिष्ठ नेता बाबूसिंह रघुवंशी विधानसभा 4 के समाजवाद नगर क्षेत्र में 51 नंबर बूथ पर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव राऊ विधानसभा के कैलोद कर्ताल स्थित बूथ पर,इंविप्रा अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा विधानसभा 5 के विकास नगर क्षेत्र के 34 नंबर बूथ पर, सावन सोनकर देपालपुर विधानसभा के नया बसेरा गांधीनगर क्षेत्र स्थित 188 नंबर बूथ पर, विधायक मालिनी गौड़ विधानसभा 4 स्थित महेश नगर के 13 नंबर बूथ पर, विधायक महेंद्र हार्डिया विधानसभा 5 के हरिजन कॉलोनी स्थित 199 नंबर बूथ पर, विधायक रमेश मेंदोला विधानसभा 2 स्थित सोलंकी नगर क्षेत्र के 178 नंबर बूथ पर, गोलू शुक्ला विधानसभा 3 स्थित लुनियापुरा क्षेत्र के 77 नंबर बूथ पर, सत्यनारायण सत्तन विधानसभा 1 के 312 नंबर बूथ पर, गोपीकृष्ण नेमा विधानसभा 3 स्थित मुराई मोहल्ला के 191 नंबर बूथ पर, निशांत खरे विधानसभा 5 स्थित विनोबा नगर के 179 नंबर बूथ पर, प्रताप करोसिया विधानसभा 4 स्थित वाल्मीकि क्षेत्र बस्ती के 204 नंबर बूथ पर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में एक दिवसीय प्रवास किया।



### वार्ड 34 में घर-घर संपर्क

विधानसभा 2 के वार्ड के 34 में बूथ क्रमांक 134 पर वरिष्ठ नेता यशवंतराव ठानगे, जाहर सिंह पंवार, लखपति सेन, राजू मालवी, बद्रीप्रसाद नागदा, शंकर तिरोले, सरजूबाई अग्रवाल, माया गिल आदि ने घर-घर संपर्क किया।

### स्वयं सहायता समूह की बहनों से संवाद



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गांव चलो अभियान की राऊ विधानसभा के ग्राम तिल्लौर के बूथ क्रमांक 281, 282, 283, 284, 285 से शुरुआत की। उनके साथ विधायक मधु वर्मा, जीतू जिराती, घनश्याम नारोलिया, घनश्याम पाटीदार, वरुण पाल भी थे। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की बहनों एवं वरिष्ठजनों से संवाद करते हुए कहा इंदौर जिले की जितनी भी सड़कों का विकास हुआ है, उसमें कैलाश भाऊ का बहुत बड़ा योगदान है। पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए मैंने एक ही दिन में 150 सड़कों की स्वीकृति दी थी, जिसमें देपालपुर, राऊ, सांवेर की सड़कें भी थी। उन्होंने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हम मोदी युग में पैदा हुए है। बाबर के युग में हमारे मंदिर तोड़े गए, हमारे पूर्वजों ने मंदिर टूटते हुए देखे है। हम श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर बनते हुए देख रहे है।

# रिटायर्ड सैन्य अधिकारी ने निगम सुरक्षाकर्मी पर तानी रिवाल्वर

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

नगर निगम ऑफिस में कार की पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि कार ड्रायवर ने नगर निगम के सुरक्षाकर्मी पर रिवाल्वर तान दी। निगम की पार्किंग में हुए इस विवाद का वीडियो भी सामने आया है। इसमें वह कह रहा है कि यदि कोई मुझे मारने आएगा तो क्या मैं छोड़ दूंगा। इस दौरान अन्य लोगों से भी बहस हुई। गार्ड पर पिस्टल तानने वाला रिटायर्ड सैन्य अधिकारी है, वह नगर निगम में किसी व्यक्तिगत काम से आए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार सुबह 11 बजे की है। विवाद स्वास्थ्य विभाग की पार्किंग में हुआ है। बताया जा रहा है कि जहां पर रिटायर्ड सैन्य अधिकारी गाड़ी पार्क कर रहे थे वहां निगमायुक्त की कार खड़ी होती है। मौजूद गार्ड लक्ष्मण मोरे ने गाड़ी पार्क करने से मना किया। उसने कहा कि यहां गाड़ी पार्क मत करिये। यहां पर निगमायुक्त की कार खड़ी होती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो सैन्य अधिकारी ने रिवाल्वर निकाल ली और उस पर तान दी। जब लोगों ने ये देखा तो वहां निगम कर्मचारियों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान भीड़ में मौजूद कुछ लोगों न वीडियो भी बना लिया। सोशल मीडिया पर ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में एमजी रोड थाना प्रभारी विजयसिंह सिसौदिया ने बताया कि मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। विवाद का जो वीडियो आया है, उसकी जांच की जा रही है। इधर थाना प्रभारी सिसौदिया ने बताया कि मामले को लेकर रिटायर्ड सैन्य अधिकारी ने थाने और वरिष्ठ अफसरों को आवेदन दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### वीडियो बनाने वालों को रोका

विवाद के दौरान मौके पर मौजूद लोग वीडियो बनाने लगे। वह रिटायर्ड फौजी से विवाद की वजह भी पूछते हैं। इस दौरान रिटायर्ड फौजी कहता है ये मारने के लिए आएगा तो मैं क्या इसे ऐसे ही छोड़ दूंगा। कैमरा बंद करो तुम। तब गार्ड भी कहता है कि दादा मैं ड्यूटी कर रहा हूं। ये हमेशा का काम है।

### करेंगे उचित कार्रवाई

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि घटनाक्रम की मुझे जानकारी लगी है मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को पीटा,पत्नी से की अश्लील हरकत

इंदौर। संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ आरोपियों ने मारपीट कर दी। वहीं उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की है। बताया जाता है कि कार की किश्त नहीं भरने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने अंकित,अनिल मुकाती, लक्की,गोलू सोनी और अनमोल भाटिया के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज किया। युवक ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे चाचा नेहरू अस्पताल के पास में मिल गए। कार की किश्त नहीं भरने की बात को लेकर आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी। जब पत्नी बीच बचाव के लिए आई तो उसके साथ में अभद्र व्यवहार किया और उसके साथ में छेड़छाड़ की।

## VIPPY SPINPRO LIMITED

CIN: L01710MP1992PLC007043
Regd. Office : 414, City Centre, 570, M.G. Road, Indore-452 001 (M.P.) Phone: 0731-2546710
Works Office : 14-A, Industrial Area, A.B. Road, Dewas-455 001 (M.P.) Phone: 07272-258251-52
Fax: 07272-400121 E-mail: admin@vippyspinpro.com, Web : www.vippyspinpro.com

**Extract of Unaudited Financial Results for The Quarter and Nine Months Ended 31st December, 2023**

(₹ in lakhs except EPS)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31.12.2023 (Unaudited) | Quarter Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.2023 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 6,023.54 | 3,317.00 | 18,680.64 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 110.10 | 186.27 | 218.71 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items ) | 110.10 | 186.27 | 218.71 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 76.75 | 137.16 | 157.81 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 88.69 | 143.28 | 190.06 |
| 6. | Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- per share) | 587.00 | 587.00 | 587.00 |
| 7. | Other Equity (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - |
| 8. | Earning Per Share (EPS) (for continuing operation (Equity Shares of ₹ 10/- each) (not annualised) Basic / Diluted EPS | 1.31 | 2.34 | 2.69 |

Notes :
1) The above results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2023 were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in it's meeting held on 09.02.2024. The above results have been reviewed by Statutory Auditors of the Company in terms of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Company's Management has exercised necessary due diligence to ensure that the financial results provide a true and fair view of its affairs.
2) This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
3) Segment-wise reporting as defined in Ind AS-108 is not applicable, since the entire operation of the Company relates to only one segment.
4) The Figures for the Quarter ended 31st December, 2023 are balancing figures between the unaudited figure of nine months ended 31st December, 2023 and the figure reviewed for six months ended 30th September, 2023.
5) The detailed Financial Results are also available on the website of the Stock Exchanges (www.bseindia.com) and on the company's website (www.vippyspinpro.com)

On behalf of the Board of Directors
For Vippy Spinpro Limited
Sd/-
Piyush Mutha
Managing Director
(DIN: 00424206)

Place : Dewas
Date : 09.02.2024

VIGILANCE

## उपलब्धि — उज्जैन के माधव साइंस कॉलेज के नाम यह उपलब्धि

# नैक ग्रेड में मालवा का परचम, परिणाम से विद्यार्थियों में उत्साह

## होलकर साइंस ए डबल प्लस ग्रेड वाला दूसरा कालेज बना

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

नैक से ग्रेड हासिल करने में मालवा का परचम बुलंद है। जारी परिणाम में नैक से होल्कर साइंस कॉलेज को ए ग्रेड मिली। इससे पहले इस ग्रेड के साथ मप्र में उज्जैन का माधव साइंस कॉलेज पहला एकमात्र कॉलेज था। अब पूरे प्रदेश में ए ग्रेड के साथ होल्कर साइंस इंदौर और माधव साइंस कॉलेज उज्जैन की जुगलबंदी चर्चाओं में रहेगी।

ग्रेड ए से ए डबल प्लस की छलांग में न केवल होल्कर के प्राचार्य प्रो. सुरेश सिलावट, आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर प्रो. नागेश डगांवकर, सह कोऑर्डिनेटर स्वागता गुप्ता की मेहनत रही, बल्कि कॉलेज के पूरे स्टाफ व यहां के विद्यार्थियों का हौंसला और प्रदर्शन इसकी कड़ी बने। होल्कर साइंस कॉलेज की आईक्यूएसी टीम ने एक साल से पूरी मेहनत के साथ नैक के हर मानदंड को समझा। बता दें कि डाटा वेरिफिकेशन मूल्यांकन का 60 प्रतिशत क्यूएलएम हिस्सा होता है, जबकि शेष 40 प्रतिशत क्यूएनएम हिस्से का नैक पीयर टीम मूल्यांकन करती है।

**स्टूडेंट्स को मिलेगा फायदा-** नैक रेटिंग से होल्कर साइंस कॉलेज ने ए ग्रेड हासिल की, जिससे स्टूडेंट्स को शिक्षण संस्थान के बारे में सही जानकारी मिलेगी। विद्यार्थियों को संस्थान के बारे में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान, बुनियादी ढांचा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी जानकारी से लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें जॉब में भी इसका फायदा मिलेगा।

### कैसे होती है नैक की तैयारी

- पूर्व तैयारी में पढ़ने- पढ़ाने का 97 प्रतिशत व लैबोरेटरीज में 93 फीसदी अंक आंके।
- एनसीसी और एनएसएस के 500 विद्यार्थियों में से कई स्टूडेंट्स आरसीसी व आरडीएस तक पहुंचे हैं।
- सोशल वर्क में भी हाईजीन, ओल्ड एज होम, दृष्टिहीन विद्यार्थी, गोद ग्राम, कैमेस्ट्री ऑन व्हील्स जैसी गतिविधियां सक्रियता से हुई।

### क्यों है नैक ग्रेडिंग जरूरी

नैक यानी नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडेशन काउंसिल। इसका काम देशभर की यूनिवर्सिटीज, हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स और प्राइवेट इंस्टीट्यूट्स की क्वालिटी परखना और उनको रेटिंग देना है। यूजीसी की नई गाइडलाइंस के मुताबिक सभी शिक्षण संस्थानों को नैक से मान्यता पाना जरूरी है। यदि कोई संस्थान यहां से मान्यता नहीं लेता है तो उसे किसी गवर्नमेंट पॉलिसी का लाभ नहीं मिलता है।

# State BJP president reaches Raghogarh constituency

**STAFF REPORTER ■ BHOPAL**



Bharatiya Janata Party State President and MP Vishnudutt Sharma was on a stay in village Awan of Raghogarh assembly of Guna district under the Gaon Chalo campaign being run by the party across the country.

On Friday, the second day of his stay in the village, he did yoga with the students of Acharya Vachaspati Shukla Sanskrit Veda Vidyalaya in the morning.

After yoga, he participated in the cleanliness program in the premises of Hanuman temple. Sharma discussed with the villagers at the tea shop and informed them about the schemes of the Central and State Government. While making payment through UPI at the tea shop, he said that even in this small village people are making digital payments, this is the rise of new India. The availability and practice of digital payment even in rural areas shows that MP has Modi in his mind and Modi has MP in his mind.

He did wall writing in ward number 13 of Aavan village. He along with the booth team went door-to-door and contacted the villagers and informed them about the poor welfare, public welfare and public welfare schemes being implemented by the double engine government of BJP under the leadership of Prime Minister Shri Narendra Modi.

Sharma said that Prime Minister Narendra Modi never did vote bank politics. They work on the mantra of Sabka Saath, Sabka Vikas and Sabka Vishwas for the welfare of every poor with a spirit of service. Prime Minister Narendra Modi and Bharatiya Janata Party have always worked for the upliftment of tribal brothers and sisters. Prime Minister Narendra Modi got the blessings of tribal brothers and sisters in the 2023 Madhya Pradesh Assembly elections. Therefore he said that I will come to Jhabua and BJP will get full blessings of tribal brothers and sisters in the Lok Sabha elections also.

Sharma gave membership of BJP to more than a dozen workers and social workers including Congress's Shri Rishiraj Singh Rajput, Shri Gopal Singh Lodha, Shri Pappu Lodha, Shri Vikas Lodha at the booth level in Aavan village.

State President Vishnudutt Sharma interacted with the "key voters" of booth no. 94, 95, 96 and 97 under "Gaon Chalo Abhiyan" in Aavan village. Leaflets about public welfare schemes of the Central and State Government were distributed to the villagers.

Sharma prayed for the happiness and prosperity of the people of the state by worshiping Lord Bholenath in the Shiva temple of the village.

Sharma said during discussion with the media that Prime Minister Narendra Modi will participate in the historic tribal rally being organized in Jhabua on 11th February. All the party workers are busy in extensive preparations for the arrival of Prime Minister Narendra Modi in Jhabua. I appeal to everyone to give a warm welcome to the Prime Minister and witness this historic moment by attending the rally.




Students perform during annual day celebrations 'Tarang-2024' at Institute for Excellence in Higher Education in Bhopal on Friday. Pioneer photo



Unemployed youths stage a protest in front of Chayan Bhawan (Vyapam) against the delay in the declaration of the result for police constable recruitment, in Bhopal on Friday. Pioneer photo

# Illegally stored domestic LPG cylinders seized in Talaiya

**STAFF REPORTER ■ BHOPAL**

Talaiya police raided a shop where illegally stored with domestic gas cylinders and small sized LPG cylinders were being filled there,in the action 15 illegally stored LPG cylinders were recovered.

Following the guidelines given by senior officials regarding illegal storage of inflammable substances in the city and taking strict action against those who dangerously refill inflammable gas in public places and residential areas illegally risking lives of citizens action was taken by Talaiya police.

After the information of illegal business was received on Thursday Abdullah Flame Center shop at Hathikhana Ginnauri Talaiya Bhopal was raided and shopkeeper Mohammd Rashid (50), resident of Bagh Munshi Hussain Khan, near Rafiqia School Kotwali Bhopal, illegally stored 13 large domestic gas cylinders, 2 small cylinders and illegal gas refilling equipment were seized from his shop.He was booked under section 3/7 of the Essential Commodities Act and 285 of the IPC.

This action will curb illegal storage and refilling of such LPG cylinders in the state capital.

# 'Jal-Hath' campaign to be launched in the State

**Bhopal:** Water Resources Minister Tulsiram Silavat has said that Jal Jeevan Mission was initiated in the year 2019 by Prime Minister Narendra Modi under 'Har Ghar Jal' in every village of the country. To promote the mission, "Jal-Hath" campaign will be run as a mass movement under the leadership of Chief Minister Dr. Mohan Yadav in the state. Under the campaign, old ponds and other water sources in every village and every city will be upgraded, developed, beautified, deepened besides removing the encroachments around water sources and planting trees will the participation of government and society.

